# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा/2024/81 दिनांकः 31/1/24

**मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी संशोधित विज्ञप्ति**

विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांकः एफ. NEP/शैक्ष. प्रथम/2023/30696–31075 दिनांक 26.10.2023 व क्रमांकः एफ. NEP/शैक्ष. प्रथम/2023/31834 दिनांक 22.11.2023 की अनुपालना व विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा/2023/4438–48 दिनांक 30.11.2023, क्रमांकः परीक्षा/2023/4807–906 दिनांक 08.12.2023, क्रमांकः परीक्षा/2023/5509–5520 दिनांक 30.12.2023, क्रमांकः परीक्षा/2023/139–238 दिनांक 12.01.2024 एवं क्रमांकः परीक्षा/2024/425 दिनांक 27.01.2024 की निरन्तरता में राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023–24 के नियमित/पूर्व विद्यार्थियों/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट www.univraj.org** पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500/– सहित | दोगुना (Double) परीक्षा शुल्क के साथ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के स्वयंपाठी परीक्षार्थी | – | – | 11.01.2024 से 11.02.2024 | 12.02.2024 से 15.02.2024 |
| 2 | बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम पार्ट–I (पूर्व छात्र) II एवं III (पास/ऑनर्स/एडीशनल) व स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति) पूर्वार्द्ध /उत्तरार्द्ध (समस्त नियमित, पूर्व छात्र व स्वयंपाठी परीक्षार्थी) | 16.01.2024 से 03.02.2024 | 04.02.2024 से 07.02.2024 | 08.02.2024 से 11.02.2024 | 12.02.2024 से 15.02.2024 |
| 3 | बी.एस.सी. (होम साईस, बायोटेक), बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए./विज्यूअल आर्टस/बी.म्यूजिक/बी.डिजाईन, बी.ए. (डीफ एण्ड डम्ब) पार्ट–I (पूर्व छात्र) II एवं III (समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र) | | | | |
| 4 | समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एड–ऑन कोर्सेज, मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा), (समस्त नियमित परीक्षार्थी) | | | | |
| 5 | बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड./बी.ए.बी.एड./ एल.एल.बी. एवं समस्त विधि डिप्लोमा (समस्त नियमित परीक्षार्थी) | | | | |

नोटः–

1. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार ना करें।**
2. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org** का निरन्तर अवलोकन करें।

## सामान्य निर्देश

1. **नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में पात्रता हेतु न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।**
2. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID** दर्ज करें।
3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैंण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।
4. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात् पुनः (दुबारा) भुगतान, 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify करने पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।** भरे गये परीक्षा फॉर्मो में आवश्यक संशोधनों के लिए संशोधन शुल्क रू. 260/– ऑनलाईन जमा कराने पर पोर्टल के माध्यम से किये जा सकेगें।
5. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में, **संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा।** परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र को स्वीकार नहीं होगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित **परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।**
6. स्नातक (कला/विज्ञान)/स्नातकोत्तर परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित **महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।**
7. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

31.01.24

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा / 2023 / 82-100 दिनांक: 31/1/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजो के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।

(ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

(स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।

3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।

4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में एक बार समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।

5. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।

6. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

7. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

8. निदेशक, छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

उप कुलसचिव (परीक्षा)